Regarding payment of compensation and proper rehabilitation of persons displaced from Sanjay Dubri Tiger Reserve in Sidhi Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid

डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) : मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी (मध्य प्रदेश) की अति महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी में स्थित संजय दुबरी टाईगर रिजर्व द्वारा कई ग्रामों के लोगों को विस्थापित किया जा रहा है परन्तु उचित मुआवजा व अन्य सुविधाएं न मिलने के कारण ग्रामवासी विस्थापित होने के लिए तैयार नहीं हैं । जब वर्षों से कोई किसी स्थान पर रहता है तो वहां के पेड़ ? पौधों से, स्थान से, घर से, घरौंधे से लगाव हो जाता है । उस स्थान को छोड़ने में अत्यधिक कठिनाइयाँ होती हैं । ऐसे में उन्हें बिना किसी जिम्मेदारी के विस्थापित करना उचित कदम नहीं होगा । मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि विषय को संज्ञान में लेकर विस्थापित होने वाले जनों को विस्थापित करने से पूर्व एक माडल गाँव विकसित कर उन्हें वहां आवास व 30 लाख रूपए के मुआवजे से साथ विस्थापित किया जाये एवं प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को रोजगार प्रदान किया जाए ।